Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 09-03-2007

Participants : Singh Dr. Raghuvansh Prasad

>

Title:The Minister of Rural Development made a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 19th Report of the Standing Committee on Rural Development, pertaining to the Department of Land Resources, Ministry of Rural Development.

ग्रामीण विकास मंत्री (डा. रघुवंश प्रसाद सिंह) : अध्यक्ष महोदय, मैं यह वक्तव्य आपके निदेश 73क, जिसे दिनांक 1 सितम्बर, 2004 के लोक सभा बुलेटिन-भाग-II के द्वारा जारी किया गया था, के अनुसरण में ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी संमिति (14वीं लोक सभा) के उन्नीस वें प्रतिवेदन में निहित सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में दे रहा हूं।

ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति (14वीं लोक सभा) का उन्नीसवां प्रतिवेदन लोक सभा में 18 मई, 2006 को प्रस्तुत किया गया था। यह प्रतिवेदन भूमि संसधान विभाग की वर्ा 2006-2007 के लिये अनुदानों की मांगों की समीक्षा से संबंधित है। इस प्रतिवेदन में 36 सिफारिशें शामिल हैं। समिति के प्रतिवेदन में निहित सिफारिशों/टिप्पणियों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति को 31.08.2006 को भेजी गई थी।

ये सिफारिशें मुख्यत: परिव्ययों के वास्तविक अनुमानों, विभिन्न वाटरशैड कार्यव्रङ्डमों के समेकन, बायो-ईंधन योजना को शुरु करने, सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यव्रङ्डम (डी.पी.ए.पी.) और मरुधर विकास कार्यकम (डी.डी.पी.) की परियोजनाओं को समय-पूर्व बंद करने, भूमि अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण (सी.एल.आर.) की योजना के कार्यान्वयन तथा राजस्व प्रशासन को सादृढ़ बनाने और भूमि अभिलेखों को अद्यतन करने (एस.आर.ए. ऐंड यू.ल.र.) की योजना के अंतर्गत वित्तपोाण पद्धति से संबंधित हैं।

समिति द्वारा की गई विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति मेरे वक्तव्य, जिसे सभा पटल पर रखा गया है, के साथ संलग्न अनुबंध में दी गई है। मैं अनुरोध करूंगा कि इसे पढ़ा माना जाये।[s18]

---

*Placed in Library, See No. LT 5894/07